भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून में दिनांक : 22/09/2026 को आयोजित एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला की संक्षिप्त रिपोर्ट

तिथि: 22 सितंबर, 2026

विषय: "हिंदी टाइपिंग : आसान तरीके एवं उपयोगी तकनीकें" तथा "कंठस्थ 2.0 : प्रयोग एवं अभ्यास"

वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 के अनुपालन में कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत दिनांक 22 सितंबर, 2026 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय "हिंदी टाइपिंग : आसान तरीके एवं उपयोगी तकनीकें" एवं "कंठस्थ 2.0 : प्रयोग एवं अभ्यास" था।

कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी टाइपिंग के सरल एवं प्रभावी तरीकों तथा उपयोगी तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें कार्यालयीन कार्यों में हिंदी टाइपिंग के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना था। साथ ही, राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कंठस्थ 2.0 के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को इसके विभिन्न उपयोगों से अवगत कराया गया तथा व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

कार्यशाला में कुल 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती काजल, आशुलिपिक द्वारा उपस्थित डॉ. राजेश कुमार दास, उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी, अतिथि श्री विजय प्रकाश, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा सभी प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया।

तत्पश्चात श्रीमती काजल द्वारा कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों, महत्त्व तथा विभिन्न सत्रों की रूपरेखा से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।



कार्यशाला का शुभारंभ



अतिथि वक्ता : श्री विजय प्रकाश, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी का पौधे द्वारा स्वागत तथा अभिनंदन

कार्यशाला के प्रथम सत्र में हिंदी टाइपिंग को सरल एवं सुगम बनाने के लिए प्रतिभागियों को हिंदी में यूनिकोड आधारित टंकण, मंगल फॉन्ट, इनस्क्रिप्ट एवं हिंदी इंडिक इनपुट जैसे टाइपिंग टूल्स के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में हिंदी टाइपिंग की गति एवं शुद्धता बढ़ाने के लिए नियमित अभ्यास के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा बाएँ और दाएँ हाथ की उँगलियों के उचित उपयोग से टाइपिंग का अभ्यास करने के तरीके बताए गए। साथ ही, मंगल एवं कृतिदेव फॉन्ट के बीच परिवर्तन, हिंदी से कृतिदेव तथा कृतिदेव से मंगल में कन्वर्ट करने की प्रक्रिया और यूनिकोड में हिंदी टाइपिंग के दौरान आने वाली सामान्य समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को हिंदी टाइपिंग का नियमित अभ्यास करने, अपनी टाइपिंग की गति एवं शुद्धता में सुधार करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत जलपान ग्रहण किया गया, जिसके पश्चात प्रथम सत्र का सफलतापूर्वक समापन किया गया।



प्रथम सत्र : श्री विजय प्रकाश, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए



प्रथम सत्र का समापन

कार्यशाला के द्वितीय सत्र का संचालन श्रीमती काजल, आशुलिपिक द्वारा किया गया। इस सत्र में 'कंठस्थ 2.0' के उपयोग एवं कार्यप्रणाली के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को 'कंठस्थ 2.0' पर लॉगिन करने, यूजर आईडी बनाने तथा तत्काल अनुवाद सुविधा का प्रयोग करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करने की सुविधा का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही, बड़े आकार की फाइलों एवं दस्तावेजों को अपलोड कर उनका अनुवाद करने, 'माई फोल्डर' एवं अन्य फाइल प्रबंधन सुविधाओं का उपयोग करने तथा अनुवादित सामग्री को सुरक्षित रखने और ई-मेल के माध्यम से साझा करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।



श्रीमती काजल, आशुलिपिक द्वारा व्याख्यान

अंततः जलपान के उपरांत कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं व्यावहारिक रही तथा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

Digitally signed by
Rajesh Kumar Das
Date: 13-10-2026
11:40:36

(डॉ. राजेश कुमार दास)
उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी
भारतीय खान ब्यूरो, देहरादून

अनुलग्नक- 1

उपस्थिति पत्रक

दिनांक 22 सितंबर को कार्यालय में आयोजित द्वितीय एक-दिवसीय हिंदी कार्यशाला

सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने नाम के सामने हस्ताक्षर करें।

क्र.सं. Sr. No.	अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम Name & designation of officials	हस्ताक्षर Signature
1.	डॉ. राजेश कुमार दास, उप खान नियंत्रक एवं कार्यालय प्रभारी Dr. Rajesh Kumar das, DCOM & OIC	प्रभारी के रूप में उपस्थित
2.	श्री दीपक शर्मा, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी Sh. Deepak Sharma, Regional Mining Geologist	
3.	श्री मतिउल इस्लाम, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक Sh. Matiul Islam, Senior Assistant Controller of Mines	22/09/26
4.	श्री नितिन, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी Sh. Nitin, Junior Mining Geologist	
5.	श्री प्रशांत, सहायक खान नियंत्रक Sh. Prashanth, Assistant Controller of Mines	
6.	श्री बालाकार्तिक रेड्डी गज्जला, सहायक खनन अभियंता Sh. Balakarthik Reddy Gajjala, Assistant Mining Engineer	
7.	श्री तमाल सुर, सहायक खनन भूविज्ञानी Sh. Tamal Sur, Assistant Mining Geologist	
8.	श्री नरेन्द्र मलिक, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी Sh. Narender Malik, Junior Statistical Officer	
9.	श्री संजय गुप्ता, सहायक Sh. Sanjay Gupta, Assistant	
10.	श्री ओम प्रकाश भट्ट, भंडारपाल (तकनीकी) Sh. Om Prakash Bhatt, Store Keeper (Technical)	
11.	श्रीमती काजल, आशुलिपिक Smt. Kajal, Stenographer	22/09/26
12.	श्री सोनू, वरिष्ठ तकनीकी सहायक Sh. Sonu, STA	22-09-26
13.	श्री मोहित शौकीन, उच्च श्रेणी लिपिक Sh. Mohit Shokeen, Upper Division Clerk	22/9/26
14.	श्री अभिषेक कुमार, अवर श्रेणी लिपिक Sh. Abhishek Kumar, Lower Division Clerk	22/9/26
15.	श्री अतर सिंह, स्टाफ कार ड्राईवर ग्रेड-I Sh. Attar Singh, Staff Car Driver Grade-I	—
16.	श्री भरत सिंह रावत, स्टाफ कार ड्राईवर ग्रेड-I Sh. Bharat Singh Rawat, Staff Car Driver Grade-I	22/9/26
17.	श्री चंदन सिंह, अवर श्रेणी लिपिक Sh. Chandan Singh, Lower Division Clerk	अनुपस्थित
18.	श्री अर्जुन सिंह, विविध कार्य कार्मिक Sh. Arjun Singh, Multi-Tasking Staff	22/9/26
19.	श्री राजेन्द्र सिंह,विविध कार्य कार्मिक Sh. Rajendra Singh Rawat, Multi-Tasking Staff	
20.	श्री नवीन कुमार पांडे,विविध कार्य कार्मिक Sh. Naveen Kumar Pandey, Multi-Tasking Staff	Naveen 22/9/26